जन–जन की आवाज़
जनमानस शेखावाटी

चिड़ावा में नकली पशु आहार बेचने का भंडाफोड़, गोदाम से भारी मात्रा में नकली खल जब्त, एक गिरफ्तार

चिड़ावा : शहर के सिंघाना रोड स्थित अडूका रेलवे फाटक के निकट एक पशु आहार गोदाम पर मंगलवार को पुलिस ने दबिश देकर नकली खल के भरे और खाली कट्टे बरामद किए। कार्रवाई महाराष्ट्र की प्रसिद्ध पशु आहार कंपनी केसर भोग की ओर से दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर की गई। पुलिस ने मामले में एक दुकानदार को हिरासत में लिया है।मामले की शिकायत केसर भोग कंपनी के सुपरवाइजर सचिन शर्मा द्वारा दी गई थी। उन्होंने बताया कि सिंघाना रोड पर स्थित एक दुकान पर कंपनी के नाम का उपयोग करते हुए नकली खल बेची जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने टीम गठित कर छापेमारी की। पुलिस टीम ने सुपरवाइजर के साथ मिलकर सिंघाना रोड स्थित डालमिया की ढाणी में महालक्ष्मी सप्लायर्स नामक दुकान और गोदाम की जांच की। जांच के दौरान गोदाम में केसर भोग शुद्ध बिनौला खल के नाम से 57 भरे हुए और 27 खाली कट्टे बरामद हुए। सभी कट्टों पर कंपनी का नाम और लोगो छपा हुआ था, जिससे यह आशंका और मजबूत हुई कि उत्पाद नकली हैं।

Source: https://janmanasshekhawati.com/news/163405